

# पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं पर सतत् निगरानी रखें : जिपं अध्यक्ष

## मुख्यमंत्री मजरा टोला सडक योजना की प्राथमिक सूची का अनुमोदन, सामान्य सभा की बैठक आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित सामान्य सभा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाओं पर सतत् रूप से निगरानी रखी जाये तथा नलजल योजनाओं का संचालन व्यवस्थित रूप से जारी रहें। ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए पीएचई द्वारा बनाये गये कन्ट्रोलरूम सहित अन्य माध्यमों से पेयजल संबंधी समस्याएं प्राप्त होने पर तत्काल उनका निराकरण सुनिश्चित किया जायें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, सदस्यगण गिरधारी बैरवा, श्रीमती बर्फी मीणा, श्रीमती कलावती, संदीप दर्शन शाक्य, श्रीमती अनीता बाई, श्रीमती गीता बाई, श्रीमती कमलेश कंवर जादौन, सांसद प्रतिनिधि परीक्षित धाडक, विधायक प्रतिनिधि श्योपुर मोहम्मद अशरफ, विधायक प्रतिनिधि विजयपुर दीपक त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि नलजल योजनाओं का संचालन बेहतर तरीके से सुनिश्चित किया जायें तथा जो योजनाएं अभी तक पंचायतों को हैंडओवर नही की गई है, उन्हें पूर्ण कर हैंडओवर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री मजरा टोला सडक योजना की प्राथमिक सूची का अनुमोदन किया गया। इसके तहत श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 33 तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 37 सडको का निर्माण पीएमजीएसवाय द्वारा कराया जायेगा। इसी प्रकार पीएमजीएसवाय-4 अंतर्गत श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 60 तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 53 सडको के कार्यो का अनुमोदन भी किया गया।

इस अवसर पर पीएचई, विधुत, आदिम जाति कल्याण, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग अंतर्गत ग्रीन एज प्रोजेक्ट, वाटरशैड अंतर्गत संचालित कार्यो तथा आजीविका मिशन की योजनाओं की समीक्षा की गई।




# शंकरपुर में प्याऊ का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पितवर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्था सरस्वती महिला मंडल एवं शिक्षा प्रचार समिति द्वारा शंकरपुर जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। जल शक्ति से नव भक्ति पहल अंतर्गत समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने बताया कि कराहल में विधिवत पूजन-अर्चन कर जल मंदिर की शुरूआत की गई, इस अवसर पर जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने हेतु रैली भी निकाली गई।

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम, संस्था प्रमुख दीपक गुप्ता, सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता वीरेन्द्र पाराशर, एमएसडब्ल्यू के छात्र ललित शर्मा, सुश्री अर्चना शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, सौरभ शर्मा, सन्तोष शर्मा, ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहें।

# बाल विवाहों की रोकथाम के लिए अभियान चलाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर संभावित बाल विवाह की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश जारी किये गये है। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिये गये है कि बाल विवाह की रोकथाम हेतु व्यापक स्तर पर सतत् रूप से निगरानी रखी जायें तथा जागरूकता के लिए प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायें।

**हेल्पलाइन नंबर 181, 1098 और 112 पर दें सूचना**

उन्होंने निर्देश दिये कि अक्षय तृतीया तथा अन्य विशेष तिथियों में आयोजित होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलनों सहित अन्य विवाहों के दौरान बाल विवाह की रोकथाम पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जायें, इसके लिए ग्रामीण स्तर पर जागरूकता करते हुए लोगों को बाल विवाह नही करने, उन्हें रोकने तथा सूचना देने के लिए प्रेरित किया जायें। बाल विवाह की रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 1098 एवं 112 पर सूचना प्रदान की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जिला एवं जनपद स्तर पर कन्ट्रोलरूम स्थापित करते हुए दूरभाष नंबर जारी किये जायें। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कॉलेजों, स्कूलों में बाल विवाह के दुष्परिणामों पर तथा बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायें। इसके साथ ही 20 अप्रैल को ग्रामीण, नगर स्तर पर शपथ का आयोजन किया जायें तथा अक्षय तृतीया के पूर्व स्कूलों एवं आंगनबाडियों के माध्यम से जागरूकता रैली आयोजित की जायें। बाल विवाह की रोकथाम और जागरूकता के लिए ग्रामों में समूह बैठको का आयोजन भी किया जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि बाल विवाह की सूचना प्रदान करने के लिए ग्राम एवं वार्ड स्तर पर शिक्षक, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, एएनएम, आशा कार्यकर्ता, शौर्यादल की अध्यक्ष, मातृ सहयोगिनी समिति की सदस्य, समूह की सदस्य, सरपंच, पंच, पंचायत सचिव आदि को शामिल करते हुए सूचना दलो का गठन सुनिश्चित किया जायें। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय स्तर पर उडनदस्तो का गठन भी सुनिश्चित किया जायें।

### 21 एवं 18 वर्ष से कम न हो वर-वधु की आयु

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने सभी नागरिको, ग्रामीणों, प्रबुद्धजनो, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसके प्रति लोगों को जागरूक किया जायें तथा बाल विवाह को रोकने के लिए सहयोग प्रदान किया जायें। शासन द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के तहत प्रावधान किये गये है कि वर-वधु की आयु क्रमश: 21 एवं 18 वर्ष से कम नही होना चाहिए।







# जल सरक्षंण विषय पर निबंध एवं चित्रकलां प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शासकीय सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकलां प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8ए की छात्रा राधिका प्रजापति प्रथम रही, इसी प्रकार उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 7ए की छात्रा श्रेया जाट को द्वितीय तथा कक्षा 8ए की छात्रा यविका जाट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

नोडल अधिकारी आदित्य चौहान ने बताया कि जल संरक्षण विषय पर आयोजित चित्रकलां प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा गुरूवार को की जायेगी। गुरूवार 9 अप्रैल को जल संरक्षण विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को नगरपालिका श्योपुर की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अशोक खंडेलवाल, शिक्षकगण बिठ्ठल कुमार, बनवारी लाल, डॉ सुनील चौधरी आदि मौजूद रहें।

## एक नजर में





### सिलाई प्रशिक्षण के प्रशिणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण

**श्योपुर।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान श्योपुर के माध्यम से जिला जेल श्योपुर में बंदियों के लिए आयोजित 80 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण के प्रशिणार्थियों को सफ्लतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये। जिला जेल में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, आयुष्मान् समन्वयक धर्मसिंह मीणा, संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा आदि उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक अजय सक्सैना ने बताया कि प्रशिक्षक कलमेश बरवारे द्वारा 80 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें सफ्लतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने वाले 20 बंदियों को सर्टिफ्किेट प्रदाय किये गये।





### किला रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस अमले द्वारा किला रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा ने बताया कि किला रोड पर शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1417 में स्थित 0.052 हेक्टयर भूमि पर अनवर पुत्र रसूल बेग के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि नगरपालिका की सुपुदर्गी में दी गई है।

## श्योपुर में उपलब्ध रहेंगे टीएनसीपी के अधिकारी

**श्योपुर, 8 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार टीएनसीपी के अधिकारी अब 15 अप्रैल से हर दूसरे बुधवार को श्योपुर में उपलब्ध रहकर कार्य का संचालन करेंगे। सहायक संचालक ग्राम एवं नगर निवेश कृष्णकांत कुशवाह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार श्योपुर कलेक्ट्रेट में हर दूसरे बुधवार को टीएनसीपी कार्यालय का संचालन होगा। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल बुधवार को वे अपने अधीनस्थ अमले के साथ श्योपुर कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे तथा टीएनसीपी संबंधित कार्यो का संचालन करेंगे। इसी क्रम में हर दूसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट में टीएनसीपी संबंधित कार्यो का संचालन किया जायेगा।

# सांदीपनि विद्यालय विजयपुर में मलेरिया पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एनएस बिंदल के निर्देशन में जिले में मलेरिया नियंत्रण के लिए व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही है।

इसी क्रम में आज सांदीपनि विद्यालय विजयपुर में छात्रों को मच्छरों की रोकथाम एवं मलेरिया नियंत्रण, एचपीवी टीकाकरण, एनीमिया मुक्त भारत एवं राष्ट्रीय किशोर स्वस्थ्य कार्यक्रम के तहत विस्तार से समझाइश दी।

एमटीएस साहिब कुरैशी ने मलेरिया नियंत्रण के लिए लार्वा सर्वे एवं बुखार रोगियों की जाँच करने के साथ उपस्थित छात्रों को मच्छरों एवं मलेरिया के नियंत्रण के बारे में विस्तार से समझाइश दी कि आगे आने वाले समय में मलेरिया से बचाव हेतु घर एवं आस पास अनावश्यक पानी का जमाव ना होने दें और मछरदानी में सोये, शाम के समय घर के अंदर नीम की पत्तिओं का धुँआ करने की सलाह दी गई। साथ ही मलेरिया रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार की जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, इसलिए बुखार आने पर तुरंत खून की जाँच करायें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें ले, इस हेतु ग्रामीणों को मछरदानी के इस्तेमाल के बारे में जानकारी प्रदान की। बीपीएम दिलीप डंडोतिया ने छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण को करवाने हेतु समझाइश दी कि एचपीवी टीकाकरण करवाने से सर्वाईकल कैंसर जैसी भयाभय बीमारी से बचा जा सकता है। बीसीएम कमल किशोर ने छात्रों को एनीमिया को दूर करने के लिए सभी छात्रों को विद्यालय में प्रत्येक मंगलवार को आयरन की टेबलेट के सेवन की जानकारी दी।

कॉउंसलर जीतेन्द्र शाक्य ने राष्ट्रीय किशोर स्वस्थ्य कार्यक्रम पर प्रकाश डाला कि छात्राओं को होने बाली किशोरवस्था कि समस्याओ से कैसे निपटा जाएं।

इस अवसर पर एमटीएस साहिब कुरैशी, बीपीएम दिलीप डंडोतिया, बीसीएम कमल किशोर, कॉउंसलर जीतेन्द्र शाक्य सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार-2025 हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई हैं। इस पुरस्कार का उद्देश्य प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण, संवर्धन एवं सतत उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं एवं विभागों को सम्मानित करना है।

**जैवविविधता स्वामित्व रखने वाले विभाग होंगे शामिल**

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने बताया कि पुरस्कार की श्रेणियाँ में जैवविविधता स्वामित्व रखने वाले विभाग वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, जल संसाधन आदि शामिल है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत, जनपद एवं नगरीय निकाय स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समितियां, संस्थागत अशासकीय क्षेत्र में मैदानी स्तर पर जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन दिशा में विशिष्ट कार्य करने वाली संस्थाएं, व्यक्तिगत शासकीय एवं अशासकीय क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति तथा श्रेष्ठ वनमंडल एवं श्रेष्ठ वनवृत्त के अंतर्गत किये जाने वाले विशिष्ट कार्य शामिल है। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएँ एवं विभाग निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित विभाग अथवा कार्यालय के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ गतिविधि स्थल की जीपीएस लोकेशन, न्यूनतम 5 छायाचित्र (5एमबी या अधिक) एवं अधिकतम 10 मिनट का वीडियो संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाकर प्रत्येक श्रेणी में एक श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन कर राज्य स्तर हेतु प्रेषित किया जाएगा।

### 20 तक है आवेदन की अंतिम तिथि

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की वेबसाइट पर है। जिला पंचायत श्योपुर द्वारा समस्त नागरिकों, संस्थाओं एवं विभागों से अपील की गई है कि वे इस योजना में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर जैवविविधता संरक्षण के प्रयासों को सशक्त बनाएं।

# कराहल एवं सहसराम में स्वास्थ्य शिविर 10 को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत 10 अप्रैल शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में कराहल तथा सहसराम के होम्योपैथी औषधालयों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये जायेगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में महात्मा हैनिमैन की 271वी जयंती विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर 10 अप्रैल को आयुष विभाग श्योपुर द्वारा जिले के दो होम्योपैथी औषधालयों कराहल एवं सहसराम में प्रात: 10 बजे से सांय 04 बजे तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सको के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, नि:शुल्क जांच एवं दवा विवरण किया जाएगा।

**12.08 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज : श्योपुर।** श्योपुर जिले में 08 अप्रैल को 12.08 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 08 अप्रैल को श्योपुर में 17 बडौदा में 6, कराहल में 19.40, विजयपुर में 16 एवं वीरपुर में 2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1689.02 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# मां की बगिया पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 8 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला पंचायत श्योपुर द्वारा निषादराज भवन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्योपुर की अध्यक्षता में मां की बगिया से जुडे हितग्राहियों तथा संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायक, उपयंत्री, मिशन स्टॉफके साथ एक दिवसीय उन्मुंखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

**योजना अनुसार समय-समय पर गतिविधि पूर्ण करें, सतत् निगरानी रखें : सीईओ**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने प्रशिक्षण के दौरान ग्रामवार मां की बगिया अंतर्गत लगाये गये पौधो, तार फेंसिंग एवं अन्य कार्यो के संबंध में हितग्राहियों से चर्चा की तथा गर्मी के मोसम में पौधो को बचाने के लिये समय पर पानी देने थाला निर्माण करने एवं योजना अनुसार अन्य गतिविधियों को समय-समय पर पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होने कहां कि इस योजना से आगामी समय में ग्रामीण परिवारों की आय वृद्धि होगी। यह एक संवहनीय आजीविकामूलक गतिविधि है। उन्होंने मिशन स्टॉफ एवं जीआरएस को निर्देश दिये कि प्रत्येक हितग्राही के यहां समय समय पर स्वयं जाकर पौधो की स्थिति देखे तथा पौधो के संरक्षण में सहयोग प्रदान करें। उन्होने कहां कि पौधो के बीच में 12 फ्टि की दूरी रखी गयी है। अत: अन्तरवर्तीय फ्सलो के माध्यम से नगदी फ्सलो को लगाकर अतिरिक्त आय ली जा सकती है।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग की सहायक संचालक सुश्री ॠषिका त्रिपाठी द्वारा पौधो के बेहतर रखरखाव एवं प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बताया कि मां की बगिया में पौधे थोडे बडे होने के बाद हल्दी तथा अदरक की फ्सलो की पैदावार की जा सकती है।

डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल द्वारा खेती से अधिक आय प्राप्त करने के लिये प्रत्येक कार्य समय पर पूर्ण करने पर बल दिया तथा मिशन स्टॉफको अपने-अपने संकुल अंतर्गत लगाई गई मॉ की बगिया की नियमित रूप से मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर हितग्राहियों को गर्मी के मोसम में पौधो के रख रखाव, थाला निर्माण, स्टेगचिंग, वर्मी कम्पोस्ट एवं गोबर खाद के उपयोग तथा सिंचाई प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनरेगा के परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह जाट, एनआरएलएम के विकासखण्ड स्तरीय स्टॉफ सीआरपी, कृषि सखी, उपयंत्री एवं रोजगार सहायक आदि उपस्थित रहे।